
# जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

## दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकुट प्रसादी

**दिनांक व समय : 3 नवम्बर, 2019 सायं 5.30 से 8.00 बजे तक**

**आयोजन स्थल : "महर्षि भृगु सदन" सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर**




दीप जलते रहें जगमगाते रहें हम आपको, आप हमें याद आते रहें ।
जब तक है जिन्दगी, दुआ है हमारी आप यूँ ही दिये की तरह जगमगाते रहें ॥

-: निवेदक :-

**विनोद भार्गव**
अध्यक्ष
मो.: 94143 11438

**मुकेश कुमार भार्गव**
सचिव
मो.: 9829005300

रजि. नं. : 124 वर्ष 1961-62 फोन : 0141-2622222

# जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

आयोजन स्थल : ''महर्षि भृगु सदन'' सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर


अध्यक्ष
विनोद भार्गव
7-झ-19, जवाहर नगर, जयपुर-302004
फोन: (नि) 0141-2653531
(मो.) 9414311438
ई-मेल : lionvinodbhargava@gmail.com

सचिव
मुकेश कुमार भार्गव
53/95, सरयु मार्ग, मध्यम मार्ग,
मानसरोवर, जयपुर-302020
(मो.) 9829005300,
9314630384


स्नेही बन्धुवर,

## दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभ कामनायें।

नवल ज्योति से नव प्रकाश हो, नई सोच हो नई कल्पना।
चहुँ दिशी यश, वैभव सुख रस बरसे, पूरा हो जाए हर सपना।।
जिसमें सभी रंग दिखते हों, कुछ ऐसा इन्द्रधनुष बनाओ।
पहले स्नेह लुटाओ सब पर, फिर खुशियों के दीप जलाओ।।

मन के दूषित विचारों को त्यागने और शुभ विचारों को अपनाने की प्रेरणा देने वाला दीपावली पर्व प्रतिवर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। जयपुर भार्गव सभा इस वर्ष भी भार्गव महिला सभा, जयपुर व भार्गव युवा संघ, जयपुर के सहयोग से रविवार, दिनांक 3 नवम्बर 2019, को अपराह्न 5.30 बजे से 8.00 बजे तक महर्षि भृगु सदन, तिलक नगर, जयपुर में ''दीपावली मिलन समारोह'' का आयोजन कर रही है।

इस अवसर पर जयपुर भार्गव सभा द्वारा ''अन्नकूट'' का आयोजन भी किया जायेगा। जयपुर भार्गव सभा का यह प्रयास है कि ''अन्नकूट'' में भार्गव समाज के प्रचलित परम्परागत भोज व स्नेह से हम आपका आतिथ्य कर सकें। अतः आपसे सविनय अनुरोध है कि इस वर्ष ''वसुधैव: कुटुम्बकम्'' को चरितार्थ करते हुए सम्पूर्ण समाज को अपना कुटुम्ब मान कर ''अन्नकूट-प्रसादी'' में सम्मिलित होकर ''दीपावली मिलन समारोह'' को सार्थकता प्रदान करें।

वर्षों की निरन्तरता ने ''दीपावली मिलन समारोह'' को भार्गव समाज के ''वार्षिक-उत्सव'' का स्वरूप प्रदान कर दिया है। जिस प्रकार दीप माला का उज्जवल प्रकाश निरंतर हमारा मार्ग प्रशस्त करता है उसी प्रकार जयपुर भार्गव सभा, समाज के वयोवृद्धों का सम्मान कर उनकी छत्र छाया में पल्लवित हो कर समाज को निरन्तर प्रगति की ओर ले जाना चाहता है तथा अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले बन्धुजनों व भावी कर्णधारों को इस समारोह में सम्मानित व अलंकृत कर उनके यश से समाज को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।

## 1. अलंकरण एवं सम्मान

1) वृद्धजन सम्मान :- जयपुर के भार्गव परिवारों में हमारे आदरणीय अग्रज बन्धुओं को प्रति वर्ष की भाँति सम्मानित किया जायेगा।( जिन्हें पूर्व में स्थानीय सभा द्वारा सम्मानित नही किया गया हो तथा दिनांक 31 अक्टुबर 2019 तक पुरूष - 75 वर्ष या इससे अधिक तथा महिला - 70 वर्ष या इससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हों। ) निवेदन करना चाहेंगे कि जयपुर भार्गव सभा के पास ऐसा कोई स्त्रोत नही है जिसकी सहायता से उपरोक्त उम्र के स्थानीय बन्धुओं के बारे में पता लगाया जा सके, अत: अनुरोध है कि वे स्वयं या उनके रिश्तेदार अथवा परिजन जिन्हें ऐसी जानकारी है, सभा को लिखित में सूचना देकर अनुगृहीत करें।

2) नव-दम्पति अभिनन्दन:- स्थानीय भार्गव परिवारों के वे नव-दम्पति जिनका विवाह 01 अक्टुबर 2018 से 30 सितम्बर 2019 के मध्य सम्पन्न हुआ है, उनका अभिनन्दन एवं परिचय के साथ उपयोगी उपहार दिये जाने की जयपुर भार्गव सभा की परम्परा रही है। अत: उनके रिश्तेदार अथवा परिजनों को इसकी सूचना देने हेतु अनुरोध है।

3) ''भृगु-वंश गौरव'' अवार्ड : - शैक्षणिक उपलब्धियों के अतिरिक्त अध्यनेत्र प्रवृतियों में किसी भी अन्य क्षेत्र में उदाहरणार्थ :- खेल-कूद, नृत्य, गायन, या किसी अन्य प्रतियोगिता अथवा किसी अन्य उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने पर स्थानीय भार्गव किशोरों को ''भृगु-वंश गौरव'' अवार्ड एवं प्रशस्ति-पत्र से पुरस्कृत किया जायेगा। अभिभावक कृपया प्रमाण सहित सूचना देवें।

4) ''भार्गव श्री'', ''भार्गव भूषण'' इत्यादि सम्मान : - जयपुर भार्गव समाज के व्यस्क अथवा जयपुर मूल के बन्धुजन जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ठता प्राप्त कर राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किया हो या शीर्षस्थ/सम्मानजनक पद प्राप्त कर उल्लेखनीय

योगदान से भार्गव जाति का गौरव बढाया हो, उन्हें भी सम्मानित किये जाना हमारा कर्तव्य बनता है। ऐसे बन्धुजनों की सूचना भी कृपया प्रमाण सहित देवें।

नोट: पूर्व में ''भृगु वंश गौरव'' अवार्ड अथवा अन्य अलंकरण/सम्मान प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को भी पूर्व में प्राप्त की गयी उपलब्धि के अतिरिक्त अन्य उपलब्धि प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र के साथ सम्मानित किया जायेगा। भार्गव पत्रिका अगस्त 2019 में प्रकाशित अखिल भारतीय सम्मान के लिये प्रार्थी को स्वयं फार्म भरना होगा।

5) ''सहजोबाई पुरस्कार'':- भार्गव महिलाओं द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर अथवा भार्गव जाति का गौरव बढाने वाले कार्य के सम्मान में यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। व्यक्ति विशेष को प्रमाण सहित जयपुर भार्गव सभा को सूचित करना होगा।

6) वयोवृद्ध सम्मान:- डॉ. कुँज बिहारी लाल व श्रीमती रेखा भार्गव, त्रिवेणी नगर द्वारा अपने अभिभावक स्व. कलावती एवं श्याम बिहारी लाल भार्गव की स्मृति में स्थानीय सभा क्षेत्र जयपुर में निवास करने वालों में अधिकतम आयु के व्यक्ति को यह सम्मान दिया जायेगा। ( पूर्व में यह सम्मान प्राप्त करने वालों के अतिरिक्त )

7) निधि पुरस्कार :- शिक्षा के क्षेत्र में निम्न निधियों के पुरस्कार दिये जायेंगे:-

| क्र. सं. | पुरस्कार / निधि पुरस्कार | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | स्व. मनमोहन एवं स्व. सुशीला भार्गव स्मृति शिक्षा पुरस्कार निधि | कक्षा X व XII ( वाणिज्य ) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर |
| 2 | स्व. बसंतलाल एवं स्व. नर्बदा देवी भार्गव शिक्षा पुरस्कार निधि सौजन्य से: श्री कैलाश प्रसाद एवं श्रीमती शकुन्तला भार्गव तिलक नगर, जयपुर | केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में विज्ञान संकाय की XII में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर |
| 3 | श्री सुरेन्द्र कुमार भार्गव, सांगानेर के सौजन्य से | XII ( आर्ट्स ) कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिका को |
| 4 | स्व. श्री पी. डी. भार्गव स्मृति पुरस्कार सौजन्य से:-श्रीमती सविता एवं श्री मुनीष भार्गव | इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को। वरियता क्रम : IIT, AIEEE |
| 5 | स्व. श्री सुभाष भार्गव ( महावीर नगर ) स्मृति शिक्षा पुरस्कार। सौजन्य से:- श्रीमती सुलभा भार्गव | बी.ई./बी. टेक. में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे को। |
| 6 | शंकर लाल भार्गव स्मृति पुरस्कार सौजन्य से:-श्री हरि मोहन भार्गव | बी.एस.सी./बी.ए./बी.कॉम. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले को |
| 7 | स्व. सुधीर भार्गव स्मृति शिक्षा पुरस्कार निधि सौजन्य से: श्रीमती सविता भार्गव | एम.बी.बी.एस. ( फाईनल ) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को |
| 8 | श्री कैलाश नाथ, श्रीमती हेमन्त कुमारी एवं श्रीमती पुष्पा भार्गव शिक्षा पुरस्कार निधि। सौजन्य से: श्री अमरनाथ भार्गव | एम.ए. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिका को |

नोट : 1. उपरोक्त पुरस्कार "भृगु वंश गौरव" के अवार्ड के अतिरिक्त होंगे तथा सौजन्यकर्ता अथवा उनके परिजनों के कर कमलों द्वारा मंच पर आमंत्रित कर उन्ही के द्वारा दिलवाये जायेंगे। अनुरोध रहेगा कि सौजन्यकर्ता बन्धु कार्यक्रम में पहुँच कर निम्न हस्ताक्षरकर्ताओं से सम्पर्क अवश्य करें। 2. सभी पुरस्कारों के लिये प्रविष्टियाँ 20 अक्टूबर 2019 तक आवश्यक रूप से पहुँच जानी चाहिये। विलम्ब से प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नही किया जा सकेगा।

8) मनोरंजक प्रतियोगितायें :- त्यौंहार की उमंग और सौहार्द्रता को और अधिक उल्लासमय बनाने के लिये श्रीमती अलका जी - श्री विजेन्द्र जी एवं श्रीमती कुसुम - श्री राजेन्द्र जी ''विरासत'' की ओर से निम्न प्रतियोगिताओं को प्रायोजित किया है तथा पुरस्कारों की घोषणा की है:-

1. सर्वश्रेष्ठ विवाहित जोडी ( 60 वर्ष से कम )
2. सर्वश्रेष्ठ युवा ( पुरूष ) काले वस्त्र ( 31 अक्टूबर 2019 तक 45 वर्ष या कम )
3. सर्वश्रेष्ठ युवती ( महिला ) लाल वस्त्र ( 31 अक्टूबर 2019 तक 45 वर्ष या कम )
4. सर्वश्रेष्ठ पुरूष - काले वस्त्र
5. सर्वश्रेष्ठ महिला - लाल वस्त्र
6. सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ नागरिक जोडी ( 31 अक्टूबर 2019 तक 60 वर्ष या अधिक )

अपने में सर्वश्रेष्ठ को पहचानने और सम्मान देने की भावना के उद्देश्य से आयोजित उक्त प्रतियोगितायें हल्के फुल्के मनोरंजन के तहत आयोजित की जा रही है। उपरोक्त पुरस्कारों का चयन गुणावगुण, व्यवहार व तार्किक क्षमता के आधार पर निर्लिप्त व निर्विकार निर्णायकों द्वारा किया जायेगा। निर्णायकों के निर्णय के विरूद्ध कोई याचिका स्वीकार्य नही होगी।

नोट: इस वर्ष इच्छुक प्रतियोगियों को 03 नवम्बर 2019 को "दीपावली मिलन समारोह" में प्रवेश के साथ अथवा 20 अक्टूबर 2019 तक सचिव, जयपुर भार्गव सभा को आवश्यक रूप से अपना पंजीकरण (निःशुल्क) कराना होगा, केवल पंजीकृत अभ्यार्थियों में से विजेताओं का चयन किया जायेगा।

## 2. गीता, रामायण एवं व्यावहारिक ज्ञान परीक्षा (2019)

अखिल भारतीय भार्गव सभा ( रजि. ) की धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा समिति द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर गीता रामायण एवं व्यावहरिक ज्ञान परीक्षा–2019 का आयोजन 20.10.2019 को किया जा रहा है। जयपुर भार्गव सभा द्वारा भी उक्त परीक्षा का आयोजन दिनांक 20.10.2019 को प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक महर्षि भृगु सदन, तिलक नगर, जयपुर में निम्न तीन श्रेणियों के लिये आयोजित की जायेगी:–

प्रारम्भिक श्रेणी – कक्षा 3 से 8 तक के लिये । ( पाठ्यक्रम – नैतिक शिक्षा, समाज के महापुरुष, गीता–रामायण के पात्र, भार्गव समाज से संबंधित जानकारी व सामयिक जानकारी दिन–प्रतिदिन )

माध्यमिक श्रेणी – कक्षा 9 से 12 तक के लिये।

( पाठ्यक्रम – खण्ड ( अ ) – रामचरित मानस–सुन्दरकाण्ड खण्ड ( ब ) – गीता – अध्याय – 2 )

उच्च श्रेणी – कक्षा 12 से ऊपर के लिये (Open)

( पाठ्यक्रम – खण्ड ( अ ) – रामचरित मानस–उत्तरकाण्ड खण्ड ( ब ) – गीता – अध्याय – 10 )

भारतीय स्तर के विजेताओं को भोपाल में 21–23 दिसम्बर 2019 को आयोजित 130वें वार्षिक अधिवेशन में आयोजकों की ओर से विजेताओं को आकर्षक उपहार दिये जाने की घोषणा की गयी है।

## 3. नृत्य कौशल प्रतियोगिता

अखिल भारतीय भार्गव सभा द्वारा दिनांक 21 से 23 दिसम्बर 2019 को भोपाल में आयोजित किये जा रहे 130वें वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर नृत्य की अखिल भारतीय स्तर पर ये प्रतियोगितायें 21–22 दिसम्बर 2019 को आयोजित होंगी। स्थानीय सभाओं के माध्यम से निम्न चार श्रेणियों में निर्धारित थीम पर प्रविष्टियां आमंत्रित की गयी हैं:–

| आयु वर्ग | नृत्य प्रतियोगिता का विषय (Theme) |
|---|---|
| 5 से 10 वर्ष तक | देशभक्ति गीत पर नृत्य (Dance on Patriotic Song) |
| 10 से 15 वर्ष तक | किसी भी विषय पर नृत्य (Dance on Any Topic) |
| 15 से 20 वर्ष तक | इंडो–वेस्टर्न नृत्य (Indo-Western Dance) |
| 20 से 40 वर्ष तक | भक्ति नृत्य एवं हमारे आराध्य पर आधारित नृत्य (Devotional Dance and Dance on our Devotees) |
| 40 वर्ष से ऊपर | प्रकृति पर नृत्य (Dance of Nature) |

इच्छुक अभ्यार्थी अपने गाने पेन ड्राइव ( सी.डी., मोबाईल अमान्य हैं ) पर MP3 फारमेट में केवल तीन मिनट के अन्तराल की प्रस्तुति को लेकर दिनांक 20 अक्टूबर 2019 को अपने चयन को सुनिश्चित करने हेतु उनसे मध्यान्ह 2.00 से 3.00 बजे सांस्कृतिक सचिव श्रीमती मंजु भार्गव ( मो.: 7726823550 ), श्रीमती आरती भार्गव ( मो.: 9351715589 ) एवं श्रीमती अंकश्री भार्गव ( मो. : 9460875108 )को महर्षि भृगु सदन, तिलक नगर, जयपुर के समक्ष उपस्थित होने के लिये अनुरोध है। इसी दिन प्रत्येक श्रेणी के लिये दो प्रतियोगियों का चयन कर अ.भा.भा.स. द्वारा भोपाल में आयोजित हो रहे वार्षिक अधिवेशन–2019 के साँस्कृतिक कार्यक्रम के लिये नामित किया जायेगा। अधिवेशन में आयोजकों की ओर से विजेताओं को आकर्षक उपहारों की घोषणा की गयी है। चयनित नृत्यों की प्रस्तुति दिवाली मिलन समारोह में भी देनी होगी।

## 4. खेलकूद एंव युवा कार्यक्रम – 2019

अखिल भारतीय भार्गव सभा के आगामी 130वें वार्षिक अधिवेशन ( 21, 22 एवं 23 दिसम्बर, 2019 ) के अवसर पर भोपाल में खेलकूद एवं युवा कार्यक्रम समिति हर वर्ष की भाँति खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जा रही है। इसमें निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है:–

| कार्यक्रम में प्रस्तावित प्रतियोगिताऐं | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैडमिटन | 2 | कैरम | 3 | वॉलीबॉल | 4 | रस्साकसी |
| 5 | बैडमिटन | 6 | पुरूषों की दौड़ | 7 | गोला फेंक | 8 | बच्चों की दौड़ |
| 9 | महिलाओं की दौड़ | 10 | फुटबॉल | 11 | बॉक्स क्रिकेट ( पुरूष+महिलायें+बच्चें ) | | |

इन सब प्रतियोगिताओं के लिये जो भी जानकारी चाहिए व खेल सचिव श्री राजीव भार्गव ( 10बी ) मो.:– 09587018103, श्री पंकज भार्गव मो.:– 9001195932 एवं श्री अंकुर भार्गव मो.:– 9829059625 से सम्पर्क करें ।

# अखिल भारतीय भार्गव सभा का 130वाँ वार्षिक अधिवेशन का स्नेह आंमत्रण

प्रिय बंधुवर,

## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं...

जैसा कि हम सभी को विदित हैं अखिल भारतीय भार्गव सभा द्वारा अपना 130वां वार्षिक अधिवेशन दिनांक 21, 22 एव 23 दिसम्बर को भारत के प्रसिद्ध शहर, मध्य प्रदेश राज्य की राजधानी और झीलों का शहर कहे जाने वाले ''भोपाल'' मे किया जा रहा हैं । भोपाल अपनी खूबसूरती, प्राकर्तिक सुंदरता, संस्कृति, इतिहास और नई खोज के लिए आकर्षण का केंद्र हैं । यहाँ आपको मुग्ध करने वाली सौगात हैं ''शान ए भोपाल'', झील के किनारे घूमने का तो आनंद की कुछ और हैं । इन सबके अतिरिक्तशौकत महल, सदर मंजिल, गौहर महल, भारत भवन, स्टेट म्यूजियम, लक्ष्मी नारायण का मंदिर, छोटी-बड़ी झीलें यहाँ के मुख्य प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल हैं । भोपाल से 32 किलोमीटर दूर एक ही पत्थर से निर्मित विशाल शिवलिंग वाला शिव मंदिर हैं जिसे भोजेश्वर मंदिर के नाम से जाना जाता हैं। भोपाल शहर के खान पान की बात न की जावे तो बात अधूरी होगी । भोपाल का खान पान भी दुनिया मे मशहूर है । स्ट्रीट फूड से लेकर नवाबी खाने तक, यहाँ एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं। सुलेमान के मीठी और नमक की चाय, कोह ए फिजा मे शाही टुकड़ा, 6 नंबर स्टॉप होकर्स कोर्नर की पानी पूरी, दही पूरी, भेलपूरी, छोले टिक्की, मनोहर डेरी तथा रेस्टोरेन्ट की दही पूरी, छोले कुलचे, हाजी लस्सी वाले के लस्सी, भोपाली पान, राजू की चाय यहाँ के मशहूर स्ट्रीट फूड हैं ।

गत वर्षों कि भाँति इस वर्ष भी अधिवेशन स्थल पर प्रवेश हेतु सभा कि अधिकृत वेब साइट पर ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करा सकते हैं। सभी आयु वर्गों के लिए खेल कूद की भी व्यवस्था की गई हैं। जयपुर मे लोकप्रिय ''बॉक्स क्रिकेट'' का भी भोपाल के अधिवेशन मे इस बार आप आनंद ले सकेंगे। इस बार निश्चित रुप से युवा कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र होगा। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एकल प्रस्तुति जैसे गायन, नृत्य, मिमिक्री, मैजिक शो, स्टैंडअप कॉमेडी इत्यादि के अवसर मिलेगे। महिलाओं के लिए भी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा हैं । अधिवेशन स्थल पर विभिन व्यंजनो की स्टाल्स के साथ इस बार आपके लिए भोजन की व्यवस्था भी ''बुफे'' के रुप मे की गई हैं । खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। निश्चित तौर पर आप स्वादिष्ट भोजन एवं स्टाल्स का आनंद ले सकेंगे।

इस बार अधिवेशन का सबसे मुख्य आकर्षण विवाह परामर्श शिविर हैं । अधिवेशन के माध्यम से आयोजित शिविर में एक छत के नीचे माता पिता अपने बच्चो के लिए योग्य जीवन साथी की तलाश कर सकते हैं। अधिवेशन स्थल में सुन्दर ऑडिटोरियम में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से अविवाहित बच्चों के विवरण और परिवार परिचय का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे ।

हमेशा की भांति विवाह परामर्श समिति द्वारा फोटो अल्बम का प्रदर्शन भी किया जायेगा । इस बार मांगलिक दोष पर फैल रही भ्रान्ति पर भी पावर पॉइंट प्रदर्शन से प्रकाश डाला जायेगा जो निश्चित रूप से आपको लाभ देगा।

स्थानीय सभा के सहयोग से अधिवेशन स्थल के नजदीक 2-3 किलोमीटर की दायरे में करीब 400 oyo कमरों की आवास व्यवस्था की गई हैं। oyo के अतिरिक्तभी ऑनलाइन होटल्स उपलब्ध हैं । स्थानीय सभा द्वारा आपको अधिवेशन स्थल तक लाने ले जाने के लिए कुछ स्थान चिन्हित किये गए है, जहाँ आप अपने होटल से पहुँच कर स्थानीय सभा द्वारा व्यवस्था की गई बसों द्वारा अधिवेशन स्थल तक नि:शुल्क पहुंच सकते हैं ।

मेरा आपसे विनम्र अनुरोध हैं की अधिवेशन को सफल बनाने के लिए आप अपनी उपस्थिति से हमें अनुग्रहित करें। आपकी उपस्थिति से न केवल हमारा मनोबल बढ़ेगा, बल्कि सभा की कार्यशैली और कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी एवं विश्वास बढ़ेगा। माता लक्ष्मी दीपावली के इस पावन पर्व पर आप एवं आपके परिवार के सभी सदस्यों को सुख, समृद्धि, संपत्ति एवं अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे, इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ पुन: दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!

आपका स्नेही

**नरेश भार्गव ( भार्गव लोढ़ा )**

प्रधान, अखिल भारतीय भार्गव सभा

## 1. आगामी कार्यक्रम :-

निम्न कार्यक्रमों में यथायोग्य आपकी व बच्चों की सहभागिता अपेक्षित है।

| क्र.सं. | कार्यक्रम | पात्रता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | अखिल भारतीय भार्गव सभा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में "हवन कार्यक्रम" | समस्त बन्धुजन | गुरूवार, दिनांक 10.10.19 प्रातः 8.30 बजे (स्थान:- महर्षि भृगु सदन) |
| 2 | पौष बडा महोत्सव | समस्त बन्धुजन | रविवार, दिनांक 05.01.2020 को सांयकाल: 6.00 बजे से 8.00 बजे (स्थान:- महर्षि भृगु सदन) |
| 3 | गंणतन्त्र दिवस (झंडारोहण) | समस्त बन्धुजन | रविवार, दिनांक 26.01.2020 को प्रातः 9.00 बजे (स्थान:- महर्षि भृगु सदन) |

## 2. अन्य विशेष सूचनायें :-

* भार्गव पॉकेट डायरेक्ट्री :- शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली भार्गव पॉकेट डायरेक्ट्री का प्रोटो संस्करण तैयार है। कृपया "दीपावली मिलन समारोह" में याद करके और समय निकाल कर अपना व आपके रिश्तेदारों का नाम, पता, दूरभाष, माबाईल व व्यवसाय को भली भाँति जाँच लें व त्रुटी पाये जाने पर, या कोई नाम उल्लेख करने से वंचित हो तो संशोधन करने हेतु आग्रह है।
* जिन बन्धुओं को भार्गव सभा के परिपत्र अथवा मोबाईल पर संदेश प्राप्त नहीं हो रहे हैं। उनसे विनम्र निवेदन है कि वे इसकी सूचना सचिव, ज. भा. स. को अवश्य दे देवें। जयपुर में नवआगन्तुक बन्धु की सूचना भी उनके रिश्तेदार या वे स्वयं अवश्य दे देंवे।
* महर्षि भृगु सदन का किराया 01 अप्रेल 2019 से भार्गव समाज के लिये 1 दिन का 10000/- अन्य जाति बन्धुओं के लिये 30000/- किया गया है। इस में सफाई, पानी, नगर निगम, और जी.एस.टी शामिल है और महर्षि भृगु सदन की बुकिंग श्री विजय जी (बापू नगर) मों:- 9314847327 एंव श्री राकेश जी (बापू नगर) द्वारा की जाती है। बुकिंग का समय प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक किया जाता है।
* जयपुर भार्गव सभा (रजि.), जयपुर के आजीवन सदस्यता शुल्क रू. 150/- (प्रति दम्पति) व रू. 100/- एकल आजीवन सदस्य बनने पर तथा साधारण सदस्यता शुल्क रू. 50/- (प्रति दम्पति) व रू. 30/- एकल साधारण सदस्य बनने पर देय है। स्थानीय बन्धुओं से आग्रह है कि जो बन्धु सभा के आजीवन सदस्य नही है व कोषाध्यक्ष श्री तरूण जी मों. :-9829062899 से सम्पर्क कर सदस्यता प्राप्त कर सकते है।
* भार्गव बन्धुओं को अब जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में निम्नानुसार विशेष छूट मिलने लगी हैं। समाज के बन्धु जयपुर भार्गव सभा द्वारा जारी पहचान पत्र अथवा अन्य पहचान पत्र जिससे भार्गव होने की पहचान हो सके उसे दिखा कर इसका लाभ उठा सकते हैं :-

| क्रमांक | हॉस्पिटल का नाम | छूट (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | इनडोर | आऊटडोर | पैकेज में |
| 1 | इटरनल हॉस्पिटल, जवाहर सर्किल | 10 | 10 | |
| 2 | फोर्टिस एस्कोर्ट हॉस्पिटल, जवाहर लाल नेहरू रोड | 15 | 10 | |
| 3 | नारायणा मल्टिस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कुंभा मार्ग प्रताप नगर | 10 | 10 | 5 |
| 4 | मनिपाल हॉस्पिट्ल्स, सेक्टर-5, विद्याधर नगर, जयपुर | 10 | 15 | |
| 5 | सी.के. बिडला (रूकमनी) हॉस्पिटल, गोपालपुरा बाईपास रोड, शांति नगर | 10 | 10 | |
| 6 | शेल्बी हॉस्पिटल, से.-3, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर | 10 | 10 | |

## 3. आर्थिक संबल निधियाँ :-

जयपुर भार्गव सभा के माध्यम से समाज के भामाशाहों ने आर्थिक अनुदान देकर समाज में जरूरतमंद को सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से निधियाँ स्थापित की हैं जिनसे अर्जित आय से निम्न दो वर्गों में आर्थिक सहायता प्रदान की जानी अपेक्षित है।

1) अल्प आय वर्ग के परिवारों को जीवनयापन के लिये जयपुर भार्गव सभा द्वारा स्थापित निधि रू. 3,50,000/- के अर्जित ब्याज राशि से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु यह फंड उपलब्ध है। इस श्रेणी में आवश्यक होने पर अपेक्षित आवेदन आमंत्रित हैं।

2) कमजोर आय वर्ग के परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता :-

इस श्रेणी में निम्न भामाशाहों से राशि प्राप्त हुई है :-( 1 ) केप्टन कृष्ण मित्र, श्रीमती बीना एवं श्री रोहित, ज्योति नगर, जयपुर ( केवल बालिकाओं हेतु ) राशि रू. 11,000/- ( 2 ) श्री औंकार नाथ एवं श्रीमती पुष्पा भार्गव निधि, न्यू लाईट कॉलोनी, जयपुर राशि रू. 11,000/- ( 3 ) स्व. शकुन्तला भार्गव, बी-7, तिलक नगर, जयपुर की स्मृति में श्री सुभाष भार्गव, बनी पार्क राशि रू. 11,000/- ( 4 ) श्री रविन्द्र कुमार एवं श्री विनय कुमार भार्गव, मानसरोवर, जयपुर द्वारा स्व. सुशीला देवी एवं गोपी नाथ भार्गव की स्मृति में प्रदान की गयी राशि रू. 1,00,000/- ( 5 ) श्री कैलाश नाथ भार्गव द्वारा स्व. सुशीला देवी एवं गोपी नाथ भार्गव की स्मृति में प्रदान की गयी राशि रू. 11,000/-। कुल राशि रू. 4,00,000/- की एफ.डी.आर. बनवा कर व रू. 50,000/-की राशि जयपुर भार्गव सभा की ओर से पृथक से जमा करा के कुल राशि रू. 4,50,000/- की है, इससे अर्जित ब्याज से कमजोर परिवार को सहायता प्रदान की जायेगी।

3) कमजोर आय वर्ग के परिवारों की अति आवश्यक चिकित्सा सहायता हेतु निम्न भामाशाहों से राशि प्राप्त हुई है :-

( 1 ) श्री ठाकुर प्रसाद भार्गव, बरकत नगर, जयपुर ( 2 ) श्री देवी सिंह जी भार्गव, 174-निर्माण नगर- ιб, अजमेर रोड, जयपुर ( 3 ) श्री अतुल भार्गव, 174-निर्माण नगर- ιб, अजमेर रोड, जयपुर ( 4 ) महेश कान्त एवं अजय कान्त भार्गव द्वारा पिता त्रिभुवन प्रकाश चन्द एवं माता श्रीमती गोमती देवी व श्री ब्रह्म कान्तजी की स्मृति में दी गयी राशि । उपरोक्त प्रत्येक ने राशि रू. 1,00,000/- की सहायता कमजोर आय वर्ग के परिवारों की अति आवश्यक चिकित्सा सहायता हेतु प्रदान की है। इस राशि रू. 4,00,000/- व जयपुर भार्गव सभा द्वारा प्रदत्त राशि रू. 50,000/- कुल राशि रू. 4,50,000/- की है, इससे अर्जित ब्याज से आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जायेगी।

**निवेदन :-**

उपरोक्त वर्णित प्रत्येक कोष में राशि पर्याप्त नही है, लेकिन प्रार्थियों को सम्मान जनक आर्थिक संबल प्रदान किये जाने के लिये आपका सहयोग हमेशा अपेक्षित रहेगा। अतः भार्गव बन्धुओं से सविनय आग्रह है कि "वसुदैव कुटम्बकम्" को चरितार्थ करते हुए अपने वृहद परिवार के उन सदस्यों के प्रति जिन्हें जरूरत है, समर्पित भाव से आर्थिक सहायता प्रदान करें। निधि के न्यायोचित उपयोग व पारदर्शिता के लिये हम कटिबद्ध हैं। अतः निःसंकोच होकर अपने प्रियजनों की स्मृति में योगदान देकर उन्हें समाज में अविस्मरणीय बनायें।

नोट :- जिन्हें अ.भा.भा.स. से सहायता मिल रही है, उन्हें उपरोक्त कोष से सहायता दिया जाना सम्भव नही होगा।

तू जगमगाये तेरा दीप जगमगाये, सारे जहाँ की खुशियाँ तेरे भी घर को आये।
गंगा और यमुना सा निर्मल हो तेरा मन, अम्बर और धरा सा स्वच्छ हो तेरा तन।।
इस वर्ष तेरे यश से तू जगमगाये, तेरा परिवार जगमगाये।।।

| निवेदक:- | अध्यक्ष | सचिव | सांस्कृतिक सचिव |
|---|---|---|---|
| जयपुर भार्गव सभा | विनोद भार्गव | मुकेश कुमार भार्गव | श्रीमती मंजु भार्गव |
| भार्गव महिला सभा | श्रीमती रूकमणी भार्गव | श्रीमती मनीषा भार्गव | श्रीमती आरती भार्गव |
| भार्गव युवा संघ | सौरभ भार्गव | अंकेश भार्गव | श्रीमती अंकश्री भार्गव |